साप्ताहिक
# युवा प्रदेश
Freedom Of Speech
RNI. NO. MPHIN/2015/76299
संपादक-नागेश नरवरिया
YP24 NEWS
जिले एवं तहसीलों में संवाददाता नियुक्त करना है संपर्क करें ...
संपर्क करे- 9425156055
वर्ष-09 अंक-98 www.yuvapradesh.in भोपाल, शुक्रवार 19 दिसम्बर 2025 ypnews24@gmail.com पृष्ठ-08 मूल्य 2 रूपये

## LAW Civil- कर्मचारी की दूसरी पत्नी को पेंशन और बच्चों को ग्रेच्युटी में हिस्सा मिलेगा या नहीं जानिए

कई बार कुछ शासकीय कर्मचारी पहली पत्नी के जीवित रहते, बिना तलाक दिए दूसरी महिला के साथ संबंध स्थापित कर लेते हैं। इसके चलते दूसरी महिला की भी संतान पैदा हो जाती है। हिंदू मैरिज एक्ट के अनुसार पहले विवाह संबंध के अस्तित्व में रहते दूसरा किसी भी प्रकार का संबंध अवैध माना जाता है। प्रश्न यह है कि शासकीय कर्मचारी की स्थिति में क्या दूसरी पत्नी को विधवा की मान्यता के साथ पेंशन मिलेगी और उसके बच्चों को ग्रेच्युटी में हिस्सा मिलेगा या नहीं। एक प्रकरण में इन सभी प्रश्नों के उत्तर उपस्थित होते हैं।


युवा प्रदेश समाचार पत्र
लेखक B. R. Ahirwar ( एडवोकेट एवं विधिक सलाहकार) होशंगाबाद mob.9827737665

### रामेश्वरी देवी बनाम बिहार राज्य

इस मामले में यह तथ्य था कि एक सरकारी कर्मचारी जिसकी मृत्यु 1987 में सेवा काल में हो गई थी, दो पत्नियों के बीच पारिवारिक पेंशन ओर ग्रेच्युटी अर्थात भविष्य निधि के भुगतान के मामले का विवाद उत्पन्न हुआ। अपीलार्थी रामेश्वरी देवी, नारायन लाल (कर्मचारी) की पहली पत्नी है। नारायण लाल ने पहली पत्नी होते हुए 1963 में दूसरा विवाह कर लिया था। प्रथम पत्नी का एक बेटा था और दूसरी पत्नी के चार बेटे थे।

एकल न्यायाधीश ने यह निर्णय दिया कि नारायण लाल की दूसरी पत्नी योगमाया से उत्पन्न बेटे पारिवारिक पेंशन ओर ग्रेच्युटी पाने के हकदार होंगे। जब तक कि वह वयस्क नहीं हो जाते एवं उच्च न्यायालय ने यह निर्णय दिया कि दूसरी पत्नी योगमाया कुछ भी पाने के हकदार नहीं होगी। न्यायालय ने पहली पत्नी की इस याचिका को खारिज किया की नारायण लाल और योगमाया देवी में कोई विवाह नहीं हुआ था उसके बेटे धर्मज नहीं थे और कोई लाभ को पाने के हकदार नहीं थे।

### उच्चतम न्यायालय द्वारा निर्णय

इसी मामले को फिर से पहली पत्नी रामेश्वरी देवी ने विशेष अनुमति से उच्चतम न्यायालय में अपील फाइल की सुप्रीम कोर्ट ने यह निर्णय दिया कि पहली पत्नी के होते हुए एक मृतक हिन्दू कर्मचारी की दूसरी पत्नी से उत्पन्न बच्चे हिन्दू विवाह अधिनियम, 1955 के अंतर्गत पारिवारिक पेंशन और ग्रेच्युटी पाने के हकदार है। हिन्दू उत्तराधिकारी अधिनियम, 1956 के अंतर्गत एक अवसीयत हिंदू के मरने पर उसकी संपत्ति खण्ड 1 में वर्णित उत्तराधिकारियों को दी जाती है, जिसमें विधवा और विधवा के बच्चे भी आते हैं। मृतक नारायण लाल द्वारा पहली पत्नी के होते हुए दूसरी पत्नी से विवाह करने पर दूसरी पत्नी विधवा नहीं मानी जाएगी क्योंकि उसका यह विवाह शून्य होगा लेकिन मृतक की दूसरी पत्नी से उत्पन्न बच्चे धर्मज होंगे और वह पेंशन तथा ग्रेच्युटी पाने के हकदार भी होंगे। उपर्युक्त वाद से यह स्पष्ट होता है कि पहली पत्नी के होते हुए अगर कोई व्यक्ति दूसरा विवाह करता है तो उसका विवाह शून्य होगा और दूसरी पत्नी को अपने पति की संपत्ति से कुछ नहीं मिलेगा। लेकिन दूसरी पत्नी के बच्चों को पिता की संपत्ति में हक़ होगा ।

## प्रधानमंत्री श्री मोदी के मार्गदर्शन में राज्य सरकार चिकित्सा सुविधाओं का तेज गति से कर रही है विस्तार : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

### प्रदेश के सभी बालक योग्य नागरिक बनें, सरकार हर कदम पर साथ

**भोपाल।**



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के संकल्पानुसार प्रदेश सरकार गरीब, किसान, युवा और नारी हर वर्ग के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के मार्गदर्शन में राज्य सरकार कठिनाइयों को दूर करते हुए प्रदेश में चिकित्सा सुविधाओं को बढ़ा रही है। पूर्व में मेडिकल कॉलेज शुरू करने में कई कठिनाइयां आती थीं, लेकिन प्रधानमंत्री श्री मोदी ने देश को नेशनल मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया की सौगात दी। मेडिकल कॉलेज स्थापना प्रक्रिया का सरलीकरण हुआ। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वर्ष 2002-03 तक मध्यप्रदेश में केवल 5 मेकिडल कॉलेज थे। वर्तमान प्रदेश में 19 शासकीय मेडिकल कॉलेज और 14 निजी मेडिकल कॉलेज संचालित हैं। इसी माह बैतूल, धार, कटनी, पन्ना में 4 मेडिकल कॉलेजों का भूमिपूजन होगा। इसी के साथ बीएएमएस की पढ़ाई के लिए एक साल में 8 नए आयुर्वेदिक कॉलेज भी प्रारंभ किए जा रहे हैं। साथ ही संकल्प पत्र अनुसार प्रदेश की 29 लोकसभा में मेडिकल कॉलेज उपलब्ध हो जाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि शीघ्र ही प्रदेश के हर जिले में मेडिकल कॉलेज होंगे। राज्य सरकार मेडिकल के साथ आयुर्वेदिक, होम्योपैथिक एवं यूनानी कॉलेजों की संख्या भी बढ़ा रही है। प्रदेश के सुदूर ग्रामीण और जनजातीय अंचलों तक चिकित्सा सुविधाओं का विस्तार हो रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गुरुवार को मुख्यमंत्री निवास में आयोजित आरोग्य सेवा संकल्प सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह विचार व्यक्त किए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के बच्चों के साथ खड़ी है। एमबीबीएस की पढ़ाई के लिए गरीब एवं जरूरतमंद बच्चों को 16.50 लाख रुपए प्रतिवर्ष मदद दे रही है। हमारा प्रयास है कि प्रदेश के सभी बालक योग्य नागरिक बनें। युवा चिकित्सक समाज की सेवा के लिए आगे आएं, लोकतंत्र के सच्चे प्रहरी बनें। हम सभी को सशक्त निरोगी राष्ट्र निर्माण के लिए एकजुट होकर प्रयास करना होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार ने शिक्षा और लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग का विलय कर लोक स्वास्थ्य प्रबधन को सशक्त और चिकित्सा सेवाओं को सुदृढ़ करने का कार्य किया है। प्रदेश सरकार गरीब, किसान, युवा और नारी हर वर्ग के कल्याण के लिए संकल्पित हैं। राज्य सरकार ने 8000 चिकित्सा शिक्षा विद्यार्थियों को एक वर्ष में 207 करोड़ रुपए उपलब्ध कराए हैं, ताकि वे फीस की चिंता से मुक्त होकर अपनी योग्यता संवर्धन का कार्य पूरे मनोयोग से कर सकें।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आयुर्वेद ऐसी चिकित्सा पद्धति है, जो केवल नब्ज से ही बीमारी का पता लगा लेती है। प्रकृति हमेशा सभी जीव जंतुओं का ध्यान रखती है। जहां कोई बीमारी जन्म लेती है, उस स्थान के 20 से 25 किलोमीटर में वनस्पति के रूप में दवा उपलब्ध होती है। पतंजलि योग शास्त्र में हमारे शरीर में पांच प्राण बताए गए हैं। हमारे पिंड में ब्रह्मांड के समान शक्ति विद्यान है। हम अपने प्रयासों और मेहनत से कोई भी लक्ष्य प्राप्त कर सकते हैं। कोरोनाकाल में आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति के बल पर दुनिया ने हमारे काढ़े की ताकत देखी थी। कोविड के दौर में हमारे आयुर्वेदिक चिकित्सकों ने आगे आकर चिकित्सा सेवा की कमान संभाली थी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जनजातीय वीरों ने सदैव मातृभूमि की सेवा की है। उनका योगदान अप्रतिम है। रानी दुर्गावती, रानी अवंतीबाई, राजा शंकर शाह, रघुनाथ शाह और टंट्या मामा ने अपने शौर्य से जनजातीय विरासत को गौरवान्वित किया है। प्रदेश सरकार जनजातीय क्षेत्रों के विकास स्वास्थ्य शिक्षा रोजगार सभी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए संकल्पित है। उन्होंने छात्रों से जनजातीय क्षेत्रों में सेवा प्रदाय करने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जनजातीय अंचलों में सेवाएं देने वाले डॉ. मुकेश तिलगाम, डॉ. राजेश डाबर, डॉ. महिला डाबर, सेवा अंकुर के अध्यक्ष डॉ. अश्विनी, डॉ. हितेश, डॉ. अभय ओहरी को सम्मानित किया।

## क्या कोई पिता अपने बच्चों की सहमति के बिना पैतृक जमीन बेच सकता है जानिए

पुश्तैनी संपत्ति या पैतृक संपत्ति सिर्फ पैसा या ज़मीन नहीं होती इसमें परिवार की पारंपरिक विरासत और यादें समाहित होती हैं। जब ऐसी संपत्ति परिवार के अन्य सदस्यों की जानकारी के बिना बेची दी जाती है, तब झगड़े होना आम बात है। कई परिवार इसे पीढ़ियों को जोड़ने वाला बंधन मानते हैं। इसीलिए विवादों से बचने के लिए इस बारे में निर्णय सामूहिक रूप से लेना चाहिए।



### कानून क्या कहता है जानिए

हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम, 1956 की धारा 06 पैतृक संपत्ति के नियमों को निर्धारित करता है। अर्थात् ऐसी संपत्ति तब तक संयुक्त रहती है जब तक कि सदस्यों के बीच औपचारिक रूप से इसका विभाजन नहीं हो जाता। एवं धारा 08 में पुरुष सदस्य की मृत्यु के बाद संपत्ति के उत्तराधिकार का वर्णन किया गया है। संपत्ति के विभाजन के बाद, प्रत्येक व्यक्ति का हिस्सा उसका अपना हो जाता है और उसे स्वतंत्र रूप से बेचा जा सकता है।

### सुप्रीम कोर्ट का निर्णय जानिए-

जीएनए प्रॉपर्टीज प्राइवेट लिमिटेड बनाम शांतिलाल मगनलाल चौधरी और अन्य (2010) के मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने फैसला सुनाया कि कोई भी सह भागीदार अन्य सह भागीदार की सहमति के बिना पैतृक संपत्ति का निपटान नहीं कर सकता है, जो पैतृक संपत्तियों के सामूहिक स्वामित्व पर जोर देता है। अर्थात् सरल भाषा में कहे तो कोई भी एक व्यक्ति अपनी पुश्तैनी जमीन, मकान, संपत्ति को बिना सभी संपत्ति के अन्य वारिसों की सहमति के नहीं बेच सकता है, अगर वह ऐसा करता है तो बेची गई पुश्तैनी संपत्ति या पैतृक संपत्ति की रजिस्टरी शून्य मानी जाएगी ।

**लेखक एडवोकेट बीआर अहिरवार**
**नर्मदापुरम 9827737665**

## नगरीय विकास एवं आवास विभाग वर्ष 2047 को ध्यान में रखकर बना रहा है योजना

### मंत्री श्री विजयवर्गीय ने पत्रकारों को दी जानकारी

**भोपाल।**

नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा है कि एक अनुमान के मुताबिक वर्ष 2047 में मध्यप्रदेश की कुल आबादी का लगभग 50 प्रतिशत आबादी शहरी क्षेत्रों में निवास करेगी। इस बात को ध्यान रखते हुए शहरी क्षेत्रों में अधोसंरचना कार्यों की योजना तैयार की जा रही है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश ने स्वच्छता के क्षेत्र में देश में विशिष्ठ स्थान बनाया है। हमारे विभाग की कोशिश होगी कि प्रदेश के शहरी क्षेत्रों का एयर क्वालिटी इंडेक्स अच्छा हो। इस वजह से शहरी क्षेत्रों में बगीचों के विकास के साथ-साथ नगरवन को भी प्रोत्साहित किया जा रहा है। मंत्री श्री विजयवर्गीय भोपाल में राज्य सरकार के विकास और सेवा के दो वर्ष पूरा होने पर आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे।

**नर्मदा में नहीं मिलेगा प्रदूषित पानी**

मंत्री श्री विजयवर्गीय ने बताया कि प्रदेश के जो शहर नर्मदा नदी के किनारे में आते है, वहां शहरों का दूषित पानी नदीं में न मिलें। इस पर विभाग लगातार काम कर रहा है। मेट्रोपॉलिटन सिटी की चर्चा करते हुए मंत्री श्री विजयवर्गीय ने बताया कि विभाग ने इंदौर-उज्जैन और भोपाल मेट्रोपॉलिटन सिटी के विकास का कार्य शुरू कर दिया है। भोपाल मेट्रोपॉलिटन सिटी में भोपाल, सीहोर, रायसेन, विदिशा, राजगढ़ और नर्मदापुरम जिलों की प्रमुख तहसीलों को शामिल किया है।

## "पीएम श्री डेमोंस्ट्रेशन मल्टीपर्पस स्कूल "का58वां वार्षिक दिवस एवं पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित

**रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन भोपाल मध्य प्रदेश**



पीएम श्री डेमॉन्स्ट्रेशन मल्टीपरपज़ स्कूल (सेकेंडरी सेक्शन), भोपाल ने इंद्रधनुषीय छटा बिखेरते हुए अपना 58वां वार्षिक दिवस एवं पुरस्कार वितरण समारोह, उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ, 16 दिसंबर को आयोजित किया। इस अवसर पर नरेन्द्र सिंह तोमर स्पीकर, मध्य प्रदेश विधान सभा ने मुख्य अतिथि के रूप में समारोह की शोभा बढ़ाई। समारोह में विद्यालय की विद्यार्थी परिषद के सदस्यों द्वारा मुख्य अतिथि एवं अन्य गणमान्य अतिथियों का बैज लगाकर एवं फ्लावर सैंपलिंग भेंट कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माननीय मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन तथा माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ हुआ।विद्यालय के प्रधानाध्यापक प्रकाश श्रीवास्तव ने मुख्य अतिथि एवं उपस्थित गणमान्य का स्वागत करते हुए विद्यालय की वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। उन्होंने विगत शैक्षणिक सत्र की प्रमुख शैक्षणिक, सह-पाठ्यक्रम एवं उपलब्धियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान (आरआईई), भोपाल के प्राचार्य प्रो. शिव कुमार गुप्ता ने की। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में उन्होंने विद्यालय द्वारा सतत शैक्षणिक गुणवत्ता, नवाचार एवं सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में किए जा रहे उत्कृष्ट प्रयासों की सराहना की। मेधावी एवं प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के सम्मान एवं पुरस्कार वितरण के पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत श्लोक पाठन एवं वंदना प्रस्तुति द्वारा अध्यात्मिक वातावरण में हुई। ÷एक भारत श्रेष्ठ भारत÷ विषयवस्तु पर विद्यार्थियों ने विभिन्न राज्यों के लोक एवं शास्त्रीय नृत्यों की मनोहारी और रंगारंग प्रस्तुतियाँ दीं। भारतीय ज्ञान प्रणाली पर आधारित रोल-प्ले ने आधुनिक शिक्षा के साथ पारंपरिक ज्ञान के समन्वय को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। देशभक्ति की महान भावना से ओत-प्रोत नृत्य प्रस्तुतियों ने उपस्थित जनसमूह को भावविभोर कर दिया। यह आयोजन विद्यालय की समग्र विकास के प्रति प्रतिबद्धता और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के उद्देश्यों को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम को प्रदर्शित करता है।

# राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत 158 बच्चों की होगी नि:शुल्क सर्जरी

**रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन भोपाल मध्य प्रदेश**




राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत बच्चों में हृदय रोग जांच के लिए विशेष स्क्रीनिंग कैंप रविवार को जयप्रकाश जिला चिकित्सालय में लगाया गया। जिसमें भोपाल संभाग के 8 जिलों से आए 380 बच्चों की निःशुल्क इको जांच हृदय रोग विशेषज्ञों द्वारा की गई। इनमें से 158 बच्चों को सर्जरी के लिए चिन्हित किया गया है। शिविर श्री सत्य साइन सेवा संगठन राजकोट एवं अहमदाबाद के सहयोग से लगाया गया। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की मिशन संचालक डॉ. सलोनी सिडाना ने शिविर में आए बच्चों की स्वास्थ्य समस्याओं की जानकारी ली। साथ ही परिजनों से बात कर शासन की स्वास्थ्य सेवाओं का फीडबैक लिया। उन्होंने कहा कि बच्चों में बीमारियों, डिसेबिलिटी, डिफिशिएंसी, विकासात्मक देरी, जन्मजात समस्याओं की शीघ्र पहचान करने में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की महत्वपूर्ण भूमिका है। शिविर में जांच के लिए लाए गए बच्चों की पूर्व में आरबीएस के टीम द्वारा स्क्रीनिंग की गई थी। इन बच्चों में हृदय रोग की संभावना को देखते हुए इको टेस्ट कराने के लिए चिन्हित किया गया था। जिन बच्चों में हृदय रोग संबंधी समस्याएं पाई गई है। उनका उपचार राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत निःशुल्क किया जाएगा।2013 से संचालित राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम में जन्म से लेकर18 साल तक के बच्चों में होने वाली ÷4 डी- बीमारियों, कमियों,विकास में देरी और जन्मजात दोषों÷ को पहचान, प्रबंधन और उपचार किया जा रहा है। कार्यक्रम अंतर्गत मोबाइल आरबीएस के दलों द्वारा पूर्व निर्धारित प्लान के अनुसार आंगनवाड़ी केंद्रों एवं स्कूलों का भ्रमण कर बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाता है। परीक्षण के दौरान कार्यक्रम में सम्मिलित 30 सामान्य स्वास्थ्य के अंतर्गत चिन्हित बच्चों को जिला शीघ्र हस्तक्षेप केंद्र रेफर कर उन्हें गुणवत्तापूर्ण उपचार प्राप्त कराया जाना सुनिश्चित किया जाता है आरबीएस के कार्यक्रम में शासन द्वारा जन्मजात हृदय रोग, कॉक्लियर इंप्लांट, रिफ्रेक्शन ऑफ प्रीमेच्योरिटी, क्लब फूट, क्लेफ्ट लिप, क्लेफ्ट पेलेट जैसी शल्य चिकित्सा निःशुल्क कराई जाती है। इन सेवाओं के लिए आर्थिक पृष्ठभूमि की बाध्यता नहीं है।

# प्रधान न्यायाधीश ने उपजेल गंजबासौदा का निरीक्षण किया

**विदिशा।**

प्रधान न्यायाधीश श्री सलीम शेख और विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव श्री नितेन्द्र सिंह तोमर द्वारा आज संयुक्त रुप से उपजेल गंजबासौदा का निरीक्षण किया गया है। प्रधान न्यायाधीश श्री सलीम शेख ने निरीक्षण के दौरान समस्त बंदियों से प्रत्यक्ष संवाद कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली तथा प्राप्त बिंदुओं पर त्वरित निराकरण की कार्यवाही कराई गई है। प्रधान न्यायाधीश श्री सलीम शेख ने इस दौरान विशेष रूप से जेल की पाकशाला (रसोई घर)का अवलोकन किया तथा बंदियों को प्रदाय किए जा रहे भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता एवं व्यवस्था पर संतोष व्यक्त किया। इस अवसर पर जेलर श्री आलोक भार्गव द्वारा बंदियों को प्रतिदिन प्रदाय की जाने वाली भोजन सामग्री एवं निर्धारित मेन्यू की विस्तृत सांझा की गई है। निरीक्षण के दौरान किसी भी बंदी द्वारा जेल व्यवस्था के संबंध में कोई समस्या नहीं बताई गई। इस अवसर पर जेलर श्री आलोक भार्गव सहित जेल स्टाफ से श्री शिवकरण साकेत, श्री राम राजा, श्री मनीष, श्री नरेश एवं श्री राजेश उपस्थित रहे।

# उपस्वास्थ्य केंद्रों पर हो सकेगी सर्वाइकल कैंसर की प्रारंभिक जाँच,स्वास्थ्य अधिकारियो का प्रशिक्षण प्रारम्भ



**रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन भोपाल मध्य प्रदेश**

मध्यप्रदेश में आयुष्मान आरोग्य मंदिरों के माध्यम से समुदाय को उन्नत और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, मध्यप्रदेश द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियो की आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं एवं VIA आधारित गर्भाशय ग्रीवा कैंसर स्क्रीनिंग का तीन दिवसीय संयुक्त प्रशिक्षण प्रारम्भ किया गया है। प्रशिक्षण का प्रथम बैच शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय सिवनी में आयोजित किया गया,जिसमें चिकित्सा महाविद्यालय के विशेषज्ञों द्वारा 35 सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों को आपातकालीन देखभाल एवंVIA स्क्रीनिंग के कौशलों का प्रशिक्षण दिया। मैनिकिन आधारित हैंड्स -ऑन प्रैक्टिस के माध्यम से प्रतिभागियों ने CPR, ABCDE असेसमेंट, श्वसन व रक्तसंचार आपातस्थिति, ट्रॉमा प्रबंधन, रक्तस्राव नियंत्रण, मातृ एवं नवजात आपातकाल जैसी महत्वपूर्ण तकनीकों का प्रशिक्षण,अभ्यास कराया गया।VIA प्रशिक्षण के अंतर्गत, गर्भाशय ग्रीवा की संरचना, VIA प्रक्रिया के चरण, स्क्रीनिंग अंतर्गत एसिटिक एसिड के उपयोग, VIA पॉजिटिव,नेगेटिव परिणामों की व्याख्या, परामर्श, संक्रमण नियंत्रण, दस्तावेजीकरण एवं रेफरल के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई। प्रतिभागियों ने VIAप्रक्रिया की तकनीक का अभ्यास कर उपयोगी कौशल अर्जित किया। यह प्रशिक्षण महिलाओं में गर्भाशय ग्रीवा कैंसर की शीघ्र पहचान एवं रोकथाम की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है, जिससे जनसमुदाय में स्क्रीनिंग की बढ़ोतरी होगी और स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार होगा। आगामी चरणों में इसी प्रकार के प्रशिक्षण मंदसौर सतना एवं विदिशा के चिकित्सा महाविद्यालयों में आयोजित किए जाएंगे, जिससे प्रदेश के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों को आपातकालीन प्रबंधन एवं VIA स्क्रीनिंग हेतु आवश्यक तकनीकी दक्षता प्राप्त हो सके। राज्य के चिकित्सा महाविद्यालयों के सहयोग से यह पहल महिलाओं के स्वास्थ्य और आपातकालीन देखभाल को नई दिशा और गति प्रदान करेगी।

## इटारसी-नर्मदापुरम रेलवे ओवरब्रिज निर्माण में घटिया सामग्री उपयोग और बुनियादी इंजीनियरिंग मानकों की अनदेखी

**रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन भोपाल मध्य प्रदेश**



राज्यसभा में मंगलवार को सांसद माया नारोलिया ने शून्य काल के माध्यम से राष्ट्रीय राजमार्ग-46 पर स्थित इटारसी-नर्मदापुरम रेलवे ओवरब्रिज की ÷अत्यंत जर्जर एवं असुरक्षित÷ स्थिति पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि हालिया निरीक्षण में पुल के बड़े हिस्से में क्षति, साइड वॉल पर गहरी दरारें और कंक्रीट की परत-दर-परत झड़ने की समस्या पाई गई है। सांसद ने बताया कि 28 करोड़ रुपये की इस परियोजना को ठेकेदार कंपनी ने कुछ रेलवे एवं विभागीय अधिकारियों के सहयोग से निष्पादित किया था। उन्होंने आरोप लगाया कि इस कार्य में ÷घोर लापरवाही, घटिया निर्माण सामग्री के उपयोग और बुनियादी इंजीनियरिंग मानकों की अनदेखी÷ हुई है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और नागरिकों द्वारा बार-बार शिकायत किए जाने के बावजूद पुल प्रतिदिन हजारों यात्रियों के लिए सीधा खतरा बना हुआ है। नारोलिया ने कहा कि पहले दी गई चेतावनियों को लंबे समय तक नजरअंदाज किया गया और बाद में की गई जांच में ÷भ्रामक एवं तथ्यहीन÷ जवाब प्रस्तुत किए गए। उन्होंने सरकार से तत्काल कार्रवाई की मांग की, जिसमें मरम्मत कार्य को पूर्ण पारदर्शिता एवं स्वतंत्र निगरानी में कराना, सख्त समय-सीमा तय करना, संबंधित ठेकेदार कंपनी के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर उसे भविष्य की सरकारी परियोजनाओं से ब्लैकलिस्ट करना तथा दोषी अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई करने का अनुरोध किया है।

# उदयपुरा के आशुतोष इमने, विक्की चौधरी और पवन को मिला इनफ्लुएंसर का अवार्ड

हल्केवीर सूर्यवंशी
संभागीय संवाददाता

**भोपाल।** सेज यूनिवर्सिटी भोपाल में आयोजित एक भव्य समारोह में मध्य प्रदेश के चुनिंदा सोशल मीडिया क्रिएटर्स को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। इस अवॉर्ड शो में डिजिटल प्लेटफॉर्म पर अपनी अलग पहचान बनाने वाले युवाओं को अलग-अलग श्रेणियों में अवार्ड प्रदान किए गए।

समारोह के दौरान विक्की चौधरी को उनकी शानदार प्रस्तुति और दर्शकों के बीच लोकप्रियता के लिए बेस्ट एंटरटेनर ऑफ द ईयर अवॉर्ड से नवाजा गया। वहीं पवन को सोशल मीडिया के माध्यम से प्रभावशाली कंटेंट और बेहतरीन लेखन के लिए बेस्ट ब्लॉगर ऑफ द ईयर÷ का सम्मान मिला। इसके अलावा आशुतोष इमने को डिजिटल दुनिया में तेजी से उभरती पहचान के लिए राइजिंग स्टार ऑफ द ईयर - इन्फ्लुएंसर अवॉर्ड प्रदान किया गया।

इस अवसर पर आयोजकों ने कहा कि सोशल मीडिया आज युवाओं की अभिव्यक्ति और प्रतिभा का सबसे बड़ा मंच बन चुका है। ऐसे अवॉर्ड कार्यक्रम क्रिएटर्स को न केवल प्रोत्साहित करते हैं, बल्कि उन्हें समाज के लिए सकारात्मक और रचनात्मक कंटेंट तैयार करने की प्रेरणा भी देते हैं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सोशल मीडिया क्रिएटर्स मौजूद रहे।











# मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम संपन्न हुआ



**पत्रकार बीआर अहिरवार नर्मदापुरम।**

शासकीय विधि महाविद्यालय नर्मदापुरम में प्राचार्य डॉ. कल्पना भारद्वाज की अध्यक्षता में मानसिक स्वास्थ्य विषय पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करना तथा तनाव, अवसाद एवं चिंता जैसी समस्याओं के प्रति जागरूकता बढ़ाना था।

मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ. कल्पना भारद्वाज ने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धात्मक वातावरण में विद्यार्थियों का मानसिक रूप से स्वस्थ रहना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य को नज़रअंदाज़ करना भविष्य में गंभीर समस्याओं का कारण बन सकता है, इसलिए समय पर संवाद, परामर्श और आत्म-देखभाल को अपनाना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को नियमित दिनचर्या, योग, ध्यान तथा सकारात्मक सोच के माध्यम से मानसिक संतुलन बनाए रखने की सलाह दी।

कार्यक्रम का संचालन संयोजक शिवाकांत मौर्य द्वारा किया गया। उन्होंने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता के महत्व पर प्रकाश डाला तथा विद्यार्थियों को ऐसे आयोजनों से सक्रिय रूप से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे। अंत में प्रश्नोत्तर सत्र के माध्यम से विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया गया। कार्यक्रम का समापन मानसिक स्वास्थ्य को जीवन का अभिन्न अंग मानने के संकल्प के साथ हुआ।

# राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया




**पत्रकार बीआर अहिरवार नर्मदापुरम।**

14 दिसंबर को शासकीय विधि महाविद्यालय नर्मदापुरम में इको क्लब के तत्वावधान में राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. कल्पना भारद्वाज रहीं।

मुख्य अतिथि के रूप में अपने उद्बोधन में प्राचार्य डॉ. कल्पना भारद्वाज ने कहा कि ऊर्जा संरक्षण आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सीमित प्राकृतिक संसाधनों का विवेकपूर्ण उपयोग ही सतत विकास का आधार है। अनावश्यक विद्युत उपयोग से बचना, नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों को अपनाना तथा दैनिक जीवन में छोटी-छोटी आदतों के माध्यम से ऊर्जा बचत करना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। उन्होंने यह भी कहा कि युवा पीढ़ी जागरूक होकर समाज में सकारात्मक परिवर्तन ला सकती है।

कार्यक्रम का संचालन इको क्लब के प्रभारी शिवाकांत मौर्य द्वारा किया गया। उन्होंने राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए ऊर्जा बचत से जुड़े व्यावहारिक उपायों की जानकारी दी तथा विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण हेतु निरंतर प्रयास करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापकगण एवं छात्र-छात्राओं की सक्रिय सहभागिता रही। अंत में ऊर्जा संरक्षण को जीवनशैली का हिस्सा बनाने के संकल्प के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।






# एक्टिजन क्लब के अंतर्गत गतिविधियां का आयोजन किया गया

**शाहगंज।**

शासकीय हाई स्कूल खटपुरा में एक्टिजन क्लब 2025-26 गतिविधि कर्तव्यनिष्ठ नागरिक के अंतर्गत विषय संविधान के मौलिक कर्तव्य अनुच्छेद 51(क) पर गतिविधियां की गई ढ़ एवं हमारा क्षेत्र हमारी जिम्मेदारी के अंतर्गत गतिविधियां करवाई गई । और सक्रिय नागरिक के अंतर्गत उनके क्या कर्तव्य होते हैं बताए गए । इस अवसर पर शाला प्राचार्य श्री कप्तान सिंह चौहान जी एवं शाला प्रभारी श्री घनश्याम प्रजापति जी का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ एवं गतिविधि में शामिल छात्र -छात्राओं में कुमारी आशा, रौनक, महक, पूर्णिमा, रोशनी, प्रियंका, मोनिका, देव, कृष्णा, विकास, अभी, सुनील, निमिषा, सुनीता, दुर्गेश, दक्ष, अंजली, शुभांगी, रोहन, लोकेश, नरगिस, नसरीन आदि छात्र शामिल हुए ।



# संजीवनी क्लीनिक के चिकित्सक ने प्रस्तुत की तत्परता और कर्तव्यपरायणता की मिसाल

**भोपाल।**

चिकित्सकीय दायित्व और मरीजों के हितों को प्राथमिकता देने का एक अनुकरणीय उदाहरण भोपाल के चिकित्सक द्वारा प्रस्तुत किया गया है। संजीवनी क्लिनिक भानपुर मालीखेड़ा के चिकित्सक डॉ. पार्थ शर्मा ने मरीज के घर पहुंचकर न केवल उसे प्राथमिक उपचार दिया बल्कि अपने निजी वाहन से प्रसव के लिए उच्च संस्था में लेकर भी गए। मालीखेड़ा निवासी-महिला की संभावित प्रसव दिनांक जनवरी माह की थी। संभावित दिनांक के लगभग एक माह पूर्व ही अचानक से तेज प्रसव पीड़ा होने की जानकारी स्थानीय एएनएम सुश्री रानी यादव को मिली, उन्होंने तुरंत संजीवनी क्लीनिक के चिकित्सक डॉ.पार्थ शर्मा को इसकी जानकारी दी। डॉ. शर्मा बिना विलंब किए अपने निजी वाहन से गर्भवती के घर पहुंचकर महिला की जांच की और एंबुलेंस को सूचना दी। महिला द्वारा निरंतर असहनीय पीड़ा बताने और मरीज की स्थिति को देखते हुए डॉ.शर्मा ने बिना देर किए अपने वाहन से महिला को उच्च स्वास्थ्य संस्था तक पहुंचाया, जहां महिला ने स्वस्थ शिशु को जन्म दिया है।

# प्रांत कार्यकारिणी में उदयपुरा को मिली बड़ी जिम्मेदारी, रमाकांत सिंह चौहान का चयन

हल्केवीर सूर्यवंशी संभागीय संवाददाता

**उदयपुरा /रायसेन ।** ग्वालियर-डबरा में आयोजित अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के तीन दिवसीय 58वें प्रांत अधिवेशन में नगर इकाई उदयपुरा से रमाकांत सिंह चौहान को प्रांत कार्यकारिणी सदस्य की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है।

रमाकांत सिंह चौहान जिले में एक सक्रिय और प्रभावशाली छात्र नेता के रूप में अपनी पहचान रखते हैं। वे पूर्व में एबीवीपी में नगर सहमंत्री एवं नगर मंत्री जैसे महत्वपूर्ण दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन कर चुके हैं। वर्तमान में वे बरेली भाग के भाग संयोजक के रूप में संगठनात्मक कार्यों का संचालन कर रहे थे।

संगठन के प्रति उनकी निरंतर सक्रियता, कार्यशैली और समर्पण को देखते हुए परिषद नेतृत्व द्वारा उन्हें यह दायित्व सौंपा गया है। रमाकांत सिंह चौहान संघ की पृष्ठभूमि से आते हैं तथा उन्हें संघ के करीबी कार्यकर्ताओं में गिना जाता है।



उदयपुरा नगर से प्रांत कार्यकारिणी सदस्य बनाए जाने पर एबीवीपी कार्यकर्ताओं सहित नगर एवं क्षेत्रवासियों में हर्ष और उत्साह का माहौल है। उनके चयन पर नगर के कार्यकर्ताओं एवं शुभचिंतकों ने स्वागत करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

# सीईओ श्रीमती तिवारी ने किया ग्राम पंचायत आदमपुर छावनी के कार्यो का निरीक्षण

भोपाल ।

जिला पंचायत सीईओ श्रीमती इला तिवारी ने फंदा विकासखण्ड की ग्राम पंचायत, आदमपुर छावनी के कार्यो का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सीईओ ने नल-जल योजना का निरीक्षण कर गांव में पेयजल आपूर्ति की स्थिति को देखा। शासकीय शाला में पहुंचकर चले रहे मरम्मत कार्य को गुणवत्तापूर्ण तरीके से किये जाने हेतु सम्बन्धितों को निर्देशित किया। साथ ही अतिरिक्त कक्षों में पुस्तकालय निर्मित करने एवं खेल मैदान को व्यवस्थित किये जाने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान सीईओ ने ग्राम पंचायत में निर्मित श्मशान घाट, सी.टी.यू. एवं सी.सी. रोड एवं मां की बगिया के कार्यो का भी जायजा लिया। पूर्व निर्मित पंचायत भवन निरीक्षण के दौरान शिवानी मिश्रा सीईओ फंदा, कार्यपालन यंत्री जितेंद्र अहिरवार, पी.एच.ई. कार्यपालन यंत्री सुदेश मालवीय, सहायक यंत्री माधुरी पटेल सहित उपयंत्री एवं पंचायत सचिव उपस्थित रहे। टैक्स कलेक्शन एवं स्वच्छता की निरंतरता के दिये निर्देश, नवीन पंचायत भवन भूमि का लिया जायजा सीईओ श्रीमती तिवारी ने निरीक्षण के दौरान गांव में साफ-सफाई निरंतर किये जाने एवं टैक्स

**नल-जल योजना, पंचायत भवन, सी.सी. रोड सहित विभिन्न विकास कार्यों का लिया जायजा**



कलेक्शन सुनिश्चित किये जाने हेतु सम्बन्धितों को निर्देशित किया। गांव में गांव में दृश्य स्वच्छता के दृष्टिगत पारम्परिक रूप से कचरे फेंके जाने वाले स्थलों को चयन कर उन्हें सी.टी.यू. के रूप में निर्मित करने हेतु भी आवश्यक निर्देश दिये गए। नवीन पंचायत भवन हेतु चयनित भूमि का निरीक्षण कर पंचायत भवन परिसर में सौंदर्यीकरण कार्य कराये जाने के निर्देश दिये गए।

# 31 दिसंबर को उदयपुरा बनेगा हिंदू एकता का केंद्र, सम्मेलन को लेकर आयोजकों ने रखे उद्देश्य

हल्केवीर सूर्यवंशी संभागीय संवाददाता

**उदयपुरा।** नगर में 31 दिसंबर को हिंदू सम्मेलन होने जा रहा है इसी क्रम में संघ का शताब्दी वर्ष पूर्ण होने पर हिंदू सम्मेलन कार्यक्रम की रूप रेखा ओर सम्मेलन के लक्ष्य को लेकर आज उदयपुरा के लोधीपुरा मंदिर प्रांगण में पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया जिसमें हिंदू सम्मेलन की आयोजक समिति , संघ के सभी स्वयं सेवी , संचालन समिति , व्यापार संघ अध्यक्ष , हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष सहित सभी सदस्यों की उपस्थिति में यह प्रेस वार्ता संपन्न हुई ।

इस प्रेस वार्ता में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे , आयोजक समिति के संयोजक श्री शिवनारायण जी मालानी , सह संयोजक श्री छोटेलाल जी रघुवंशी , सह संयोजक श्री प्रतापभानु जी शर्मा , सहयोजक श्री मति ज्योति जी रघुवंशी , सचिव श्री जयदीप जी धाकड़ , सदस्य एवं हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष श्री शिववू लाल जी साहू , सदस्य श्री केशव जी पटेल , सदस्य श्री बृजेंद्र सिंह जी राजपूत , सदस्य श्री



बृजगोपाल जी लोया , सदस्य श्री संदीप जी विश्नोई , श्री अभिषेक जी श्रीवास्तव , सदस्य श्री राम जी रघुवंशी , आयोजन समिति की उपस्थिति में प्रेस वार्ता संपन्न हुई प्रेस वार्ता में आयोजन समिति के संयोजकों ओर सदस्यों ने हिंदू सम्मेलन के कार्यक्रम पर प्रकाश डालते हुए बताया कि 31 दिसंबर को हिंदू सम्मेलन में अधिक से अधिक संख्या में सभी हिंदू भाई बहिनों को सम्मिलित होना है , संपूर्ण भारत को एक संदेश प्रेषित करना है

हिंदू सम्मेलन का उद्देश्य , हमारी संस्कृति का प्रचार प्रसार ओर तेजी से हो , पाश्चात्य जगत की अवधारणा हमारे भारत में प्रवेश न कर सके , युवा पीढ़ी को सही रास्ते का अनुकरण कराना , ओर भारत को हिंदू राष्ट्र के रूप में देखना यही हिंदू सम्मेलन का उद्देश्य है

इन्हीं सवाल जवाब को लेकर यह प्रेस वार्ता संपन्न हुई और अंत में आयोजक समिति ने मीडिया के माध्यम से उदयपुरा क्षेत्र के सभी हिंदू भाइयों को आमंत्रित किया है अधिक से अधिक संख्या में पधारकर इस हिंदू सम्मेलन को सफल बनाए ।।

# मध्यप्रदेश आदिवासी विकास परिषद ने वैजनाथ इमने को रायसेन जिला अध्यक्ष नियुक्त किया

हल्केवीर सूर्यवंशी संभागीय संवाददाता

**उदयपुरा/रायसेन ।** मध्यप्रदेश आदिवासी विकास परिषद द्वारा संगठन को सशक्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए श्री वैजनाथ इमने को जिला रायसेन का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति परिषद की धारा३ के अंतर्गत की गई है।

इस संबंध में परिषद के अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष मध्यप्रदेश विधानसभा उमंग सिंघार द्वारा नियुक्ति पत्र जारी किया गया। नियुक्ति पत्र में विश्वास जताया गया है कि वैजनाथ इमने परिषद के प्रति निष्ठा रखते हुए अपने दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन करेंगे तथा आदिवासी समाज के सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षणिक उत्थान के लिए सक्रिय भूमिका निभाएंगे।

परिषद ने अपेक्षा व्यक्त की है कि वे संगठन के निर्देशों का पालन करते हुए परिषद को और अधिक मजबूत बनाने का कार्य करेंगे। उनकी नियुक्ति पर जिले के



आदिवासी समाज एवं संगठन से जुड़े कार्यकर्ताओं में खुशी और उत्साह का माहौल है। कार्यकर्ताओं एवं शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

# मेडिकल कॉलेज चौराहे पर हादसा, स्कूटी सवार युवती और एएसआई घायल

संभागीय संवाददाता -राजू राय

शहडोल। सोहागपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत मेडिकल कॉलेज चौराहे पर एक बार फिर तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। सड़क हादसे में स्कूटी सवार युवती और मेडिकल कॉलेज चौकी में पदस्थ सहायक उप निरीक्षक (एएसआई) घायल हो गए। हादसा उस समय हुआ जब रायपुर से रीवा की ओर तेज रफ्तार में जा रही एक कार मेडिकल कॉलेज चौराहे के पास पहुंची। पुलिस के अनुसार, स्कूटी सवार युवती मेडिकल कॉलेज की ओर से बस स्टैंड की तरफ जा रही थी। इसी दौरान अचानक स्कूटी कार के सामने आ गई। युवती को बचाने के प्रयास में कार चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया। अनियंत्रित कार सड़क किनारे लगी एक चाय की गुमटी में जा घुसी। इस गुमटी पर उस समय मेडिकल कॉलेज चौकी में तैनात एएसआई भैरव सिंह चाय पीने बैठे हुए थे, जिन्हें इस हादसे में मामूली चोटें आई हैं। हादसा इतना खतरनाक था कि कार के शीशे में गोमती में लगी बड़ी लकड़ी आर पार हो गई। घटना में स्कूटी सवार युवती भी घायल हुई है, वहीं कार चालक को भी हल्की चोटें पहुंची हैं। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही सोहागपुर पुलिस मौके पर



पहुंची और सभी घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया।

थाना प्रभारी सोहागपुर भूपेंद्र मणि पांडे ने बताया कि एएसआई भैरव सिंह मेडिकल कॉलेज चौकी में पदस्थ हैं। स्कूटी सवार युवती को बचाने के दौरान कार चालक का संतुलन बिगड़ गया, जिससे वाहन चाय की दुकान में जा घुसा। मामले की जांच की जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि मेडिकल कॉलेज चौराहा लंबे समय से ब्लैक स्पॉट बना हुआ है। यहां आए दिन सड़क हादसे होते रहते हैं और कई लोगों की जान भी जा चुकी है। इसके बावजूद यातायात विभाग द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। सड़क किनारे ठेले और गुमटियां भी हादसों का कारण बन रही हैं, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा लगातार बना हुआ है। स्थानीय लोगों ने कई बार यहां पर स्टॉपर लगाने की भी मांग की है जो अधूरी है।

# आर्मी स्टूडेंट्स फेडरेशन के माध्यम से पंडित रामकिशोर शुक्ल महाविद्यालय ब्यौहारी में 9 सूत्रीय मांग

**कैलाश कुमार अहिरवार - सह संपादक (युवा प्रदेश)**







शहडोल/ब्यौहारी - साथियों आज दिनांक 17/12/2025 को भीम आर्मी स्टूडेंट्स फेडरेशन के माध्यम से पंडित रामकिशोर शुक्ल महाविद्यालय ब्यौहारी में 9 सूत्रीय मांग पे एस.डी.एम. महोदय जी के नाम का प्रतिलीपि में
1.कलेक्टर महोदय शहडोल
2.पुलिस अधीक्षक महोदय जिला शहडोल
3.संभाग आयुक्त महोदया संभाग शहडोल के नाम का आवेदन जिम्मेदार अधिकारी तहसीलदार महोदय जी को सफलता पूर्ण दिया गया जिसमें प्राचार्य महोदय जी ने 30 दिन का आश्वासन दिया कि और अगर।

## मूलभूत सुविधाएं जो मांग की गई है जिसमें प्रमुख मुद्दे थे

1.छात्रों का मानसिक उत्पीड़न ङ्क धमकी और अपमान के वातावरण के कारण कई छात्र खुलकर अपनी समस्याएँ भी नहीं रख पाते, जो कि शिक्षा के अधिकार एवं मानवीय गरिमा के विरुद्ध है।

2. उसके बावजूद जब मैने कई गंभीर मामलों को महाविद्यालय में बताने की कोशिश किया तो नजर अंदाज किया गया तब मैं सोशल मीडिया में बताने की कोशिश किया तो उसका बदला हमारे साथी दिनेश बसोर के साथ लिया गया और दूसरे साथी ऋतुराज पटेल को लगातार धमकी दी जा रही है

3. महोदय महाविद्यालय परिसर में एक स्पोर्ट स्टूडेंट अंशिका सिंह नाम की छात्रा ने दिनेश कुमार बसोर को स्पोर्ट मैट में चढ़ जाने के कारण बहुत ज्यादा अपमानित भाषाओं का प्रयोग कर उसके शर्ट का कालर पकड़कर जलील कियाऔर उसने कहा कि चंद्रशेखर साकेत होता तो उसे मारती भी जो की एक छात्रा को अधिकार नहीं है यह अपमान उसके सम्मान को ठेस पहुंची है इसके बावजूद शिक्षक सुधांशु परिहार स्पोर्ट स्टूडेंट के साथ बैठकर बिना अनुमति के आंदोलन करते हैं जिसमें चंद्रशेखर साकेत मुर्दाबाद के नारे लगाए जाते हैं और उस कृत्य का वीडियो बनाने पर मोबाइल छुड़ाकर वीडियो डीलिट किया गया

हम सब का कहना है कि वह आकर माफी मांगे

4. शिक्षा का स्तर प्रभावित - शिक्षकों के अभाव में कक्षाएँ नियमित नहीं लग पा रही हैं, जिससे छात्र अध्ययन से वंचित हो रहे हैं।

5. मूलभूत सुविधाओं का अभाव - पुस्तकालय में ओबीसी जनरल की बुक नहीं मंगाई जाती जो की प्रचार को मांगना चाहिए जो एसटी एससी की बुक है वह बुक ओबीसी जनरल वालों को दिया जाता है स्टेशनरी दूसरे कार्यालय में प्राचार्य बटबाते है। स्टेशनरी भी पूरा नहीं दिया जाता किसी बच्चे को दो किसी बच्चे को तीन ऐसा क्यों स्वच्छ पेयजल, शौचालय, प्रकाश बैठने की व्यवस्था एवं स्वच्छता की स्थिति अत्यंत दयनीय है।

6. मध्यप्रदेश शासन की योजनाओं का लाभ नहीं मिलना - छात्रवृत्ति, फ्री-शिप, प्रोत्साहन राशि एवं अन्य छात्रहितकारी योजनाओं का लाभ पात्र विद्यार्थियों को समय पर नहीं मिल पा रहा है।

7. शिक्षकों द्वारा आपत्तिजनक एवं अपमानजनक व्यवहार - महाविद्यालय के कुछ शिक्षक छात्रों से अशोभनीय, अपमानजनक एवं मानसिक रूप से आहत करने वाली भाषा का प्रयोग करते हैं, जिससे छात्रों का आत्मसम्मान आहत होता है तथा वे मानसिक तनाव में आ जाते हैं।

8. छात्रों का मानसिक उत्पीड़न - भय और अपमान के वातावरण के कारण कई छात्र खुलकर अपनी समस्याएँ भी नहीं रख पाते, जो कि शिक्षा के अधिकार एवं मानवीय गरिमा के विरुद्ध है।

9. शिक्षकों की भारी कमी - कई विषयों में नियमित एवं योग्य शिक्षकों की नियुक्ति नहीं होने के कारण पठनङ्कपाठन बाधित है। ये मांगे पूरी नहीं होती है तो 30 दिन के बाद अनिश्चित कालीन धरने पे बैठने पर मजबूर होंगे । आज के आंदोलन में प्रमुख रूप भाई चंद्रशेखर भाई दिनेश बंसल भाई ऋतुराज जी एवं बहने और पूरी टीम और साथ ही वरिष्ठ जन के संघर्ष से आज शासन प्रशासन को झुकना पड़ा जब जब छात्र संघ बोला है तो राज सिंहासन डोला है आपसे आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि आप न्यायोचित व्यवस्था को कायम करने के लिए सदैव तत्पर रहेंगी ।


**नमो बुद्धाय। जय भीम।**




आप सभी को यह सूचित करते हुए अत्यंत हर्ष हो रहा है कि- 10वाँ अंतरराष्ट्रीय बौद्ध मेला - 2026 का आयोजन बुद्ध, धम्म और संघ की पावन परंपरा के अंतर्गत किया जा रहा है।

**दिनांक:** 26 जनवरी 2026
**समय:** प्रातः 11:00 बजे से
**स्थान:** बुद्धभूमि महाविहार मोनेस्ट्री, चुनाभट्टी, कोलार रोड, भोपाल

यह ऐतिहासिक आयोजन करुणा, शांति, समता और विश्व बंधुत्व के संदेश को जन-जन तक पहुँचाने हेतु समर्पित है।
आपकी गरिमामयी उपस्थिति एवं सहभागिता सादर आमंत्रित है।
परिवार, मित्रों एवं धम्मबंधुओं के साथ पधारकर इस पुण्य अवसर को सफल बनाएं।

सादर
भंते शाक्यपुत्र सागर थेरो
मुख्य संयोजक
अध्यक्ष - दी बुद्धभूमि धम्मदूत संघ


# भारत को अगर विश्व गुरु और विकसित राष्ट्र बनना है तो हिन्दुत्व राष्ट्वाद की नही संवैधानिक राष्ट्रवाद की अत्यधिक आवश्यकता है

हमारे सभी मूल-निवासियों आदिवासियों और ऐसे सभी अन्य वर्ग के लोग जो भारतीय संविधान को अपना आदर्श मानते है वे सभी लोगों को वर्तमान राजनीतिक स्थिति पर चिंतन और विचार करने की अत्यधिक आवश्यकता है जब देश की सत्ता शासन प्रशासन और वह संपूर्ण वयवस्था जिससे देश और राष्ट्र का संचालन हो रहा है ऐसे लोगों के हाथ मे जो संविधान और लोकतंत्र को नहीं मानते है यह बात हम इस लिये कह रहे कि वर्तमान समय मे केन्द्र मे भाजपा नेतृत्व की सरकार है जिसका नाम है एन डी ए जिसका फुल फार्म नेशनल डेमोक्रेटिक एलायंस जिसका हिन्दी मे अनुवाद हैं रास्ट्रीय लोकतांत्रिक गठबंधन और कयी राज्यों मे भाजपा की स्वतंत्र सरकार है जिनका राजनीतिक सांस्कृतिक आदर्श और दर्शन है हिन्दुत्व राष्ट्वाद जिसका छुपा हुआ एजेन्डा है ब्राहमण राष्ट्वाद इसका मतलब है कि देश की सभी वयवस्थाओ मे ब्राह्मणवाद का



नियंत्रण और नेतृत्व चाहे वह सामाजिक वयवस्था हो आर्थिक वयवस्था हो धार्मिक और सांस्कृतिक वयवस्था हो और चाहे राजनीतिक वयवस्था हो वैसे भी वर्तमान परिप्रेक्ष्य मे देखा जाय तो चाहे सचिवालय हो मंत्रालय हो न्यायालय विश्व विद्यालय महाविद्यालय नेशनल मीडिया हो नेशनल चैनल हो सभी जगह लोकतंत्र की जगह ब्राह्मण तंत्र हावी है फिर भी इन लोगों को हिन्दू राष्ट चाहिए क्यो? जबकि हमारे संविधान की उददेशिका मे पंथनिरपेक्ष राष्ट घोषित किया गया है इसका मतलब है कि हिन्दू राष्ट बनाना या इसका प्रचार प्रसार करना गैर संवैधानिक चूंकि हमारा संविधान कह रहा है।

कि इस देश मे सभी धर्मावलम्बियों को अपने-अपने धर्मो को मानने और प्रचार प्रसार करने के लिए स्वतंत्र है इसका मतलब हमारा संविधान सभी धर्मो को संस्कृतियो को समान नजर देख रहा है संरक्षण संवर्धन कर रहा है उसी तरह से संविधान चाहता हैं कि देश मे नागरिकों या सभी वर्गो को शासन प्रशासन और सभी वयवस्थाओ मे उनके संख्या और आवादी के अनुपात मे हिस्सेदारी और प्रतिनिधित्व इसी बात को बाबा साहब अंबेडकर जी ने कहा था कि यदि भारत को एक शक्तिशाली राष्ट और विकसित राष्ट बनना है तो मेरिट छाप छदम सरकार अधिक आवश्यकता है एक समावेशी प्रति निधितव सरकार की जिसकी स्थापना आज तक धरातल मे नहीं हुई और होगी भी कैसे देश की आजादी से लेकर आज तक संविधान विरोधी और बाबा साहब के बिचार धारा और बराबरी व समानता विरोधी मानसिकता वालो की सरकार रही हैं और आज भी है इस लिये हम सभी मूल-निवासियों आदिवासियों और संविधान और लोकतंत्र चाहने और मानने वालो को आव्हान करते हुए अपील कर रहे कि यदि संविधान और लोकतंत्र को पुर्ण रुप से लागू करना चाहते हैं तो हम सब को एक मत होकर एक मंच आकर सडक से लेकर संसद तक आन्दोलन करना होगा लडना होगा संघर्ष और संवैधानिक रण करना होगा मै सभी आप लोगों विनय कर कह रहू कि हम ऐसे तमाम समस्याओं को लेकर आन्दोलन के लिए संघर्ष करने के जनमत तैयार करने की तैयारी मे संघर्षरत कृपया तन मन से और धन से सहयोग कर हमारे मनोबल को प्रोत्साहित करिए लाल बहादुर सिंह नेटी विंध्य प्रभारी भारत आदिवासी पार्टी मध्यप्रदेश

# निलंबित प्रबंधक की धान खरीदी केंद्र में दबंगाई, किसानों की फसल पर फिर मंडराया भ्रष्टाचार का साया


**कुमार अनूप गुप्ता ब्यूरो चीफ अनूपपुर**



एक ओर मध्य प्रदेश शासन एवं भारत सरकार किसानों की आय बढ़ाने और खेती को लाभ का व्यवसाय बनाने के लिए निरंतर प्रयास कर रही हैं, वहीं दूसरी ओर धान खरीदी केंद्रों में भ्रष्ट तंत्र इन प्रयासों पर पानी फेरता नजर आ रहा है। कोतमा तहसील अंतर्गत कृषि उपज मंडी कोतमा स्थित धान खरीदी केंद्र इन दिनों गंभीर आरोपों के घेरे में है। आरोप है कि देवगवा सहकारी समिति का निलंबित प्रबंधक सुरेंद्र पांडे, जो पूर्व कार्यकाल में धान खरीदी का प्रभारी रह चुका है, आज भी खुलेआम खरीदी केंद्र में दखल दे रहा है।

**आपराधिक इतिहास, फिर भी केंद्र में दमदार**

सूत्रों के अनुसार उक्त प्रबंधक के काले कारनामे पहले ही उजागर हो चुके हैं। पूर्व में विभाग द्वारा उसके खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज कराया गया था। लंबे समय तक फरार रहने के बाद किसी तरह जमानत प्राप्त करने में सफल हुआ, लेकिन जमानत के बाद सुधरने के बजाय उसका हौसला और बढ़ गया व्यापारियों से सांठगांठ, किसानों के साथ छल आरोप है कि यह प्रबंधक धान खरीदी केंद्र प्रभारियों पर दबाव बनाकर। व्यापारियों से सांठगांठ कर नियमों को ताक पर रखकर मनमाने ढंग से धान की खरीदी करवा रहा है।इस पूरे खेल में असल नुकसान किसानों को हो रहा है, जिनकी मेहनत की फसल औने-पौने दाम और फर्जी प्रक्रियाओं में फंसती जा रही है। नियमों की खुलेआम अवहेलना शासन के स्पष्ट निर्देश हैं कि ऐसे विवादित एवं भ्रष्टाचार के आरोपित अधिकारियों को खरीदी केंद्र से दूर रखा जाए और वे अपने मुख्यालय में ही कार्य करें। इसके बावजूद यह प्रबंधक खरीदी केंद्र में डेरा जमाए बैठा है, जो प्रशासनिक व्यवस्था पर भी सवाल खड़े करता है। इस पूरे मामले को लेकर क्षेत्र के किसानों एवं किसान संगठनों में भारी आक्रोश है। किसानों की मांग है उक्त प्रबंधक को तत्काल खरीदी केंद्र से हटाया जाए।पूरे धान खरीदी की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए क्या किसानों की मेहनत की फसल पर इसी तरह भ्रष्टाचार हावी रहेगा क्या जिम्मेदार अधिकारी आंख मूंदे बैठे रहेंगे?अब देखना यह है कि प्रशासन इस गंभीर और सनसनीखेज मामले पर कब तक कार्रवाई करता है या फिर किसान एक बार फिर सिस्टम के शिकार बनते रहेंगे।




तैंतीस कोटि सब देवता तुंहर
काल्पनिक अउ मनगढ़ंत हे।
बुद्ध सत्य इतिहास पुरुस हे,
जेखर ख्याति दिग-दिगंत
हे।।
तभे तो जतका विदेसी आथे,
सब ला बुद्ध के मूर्ति देथो।
राम-कृस्न भारत मा करथो,
विदेस मा बुद्ध के नाम
लेथो।।

लक्ष्मी नारायण कुम्भकार
"सचेत" दुर्ग (छ0ग0)

# एफआईआर न होने पर आदिवासी छात्र संगठन का प्रदर्शन, प्रदेशव्यापी आंदोलन की चेतावनी

## जनजातीय विश्वविद्यालय का मामला गरमाया



**कुमार गुप्ता ब्यूरो चीफ अनूपपुर।**

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय अमरकंटक में छात्रा से कथित दुर्व्यवहार का मामला लगातार तूल पकड़ता जा रहा है। आरोपी प्रोफेसर डॉ. नयन साहू पर अब तक एफआईआर दर्ज नहीं होने से नाराज आदिवासी छात्र संगठन ने एसडीओपी कार्यालय के सामने जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान संगठन के कार्यकर्ताओं ने आरोपी प्रोफेसर का पुतला दहन किया और पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की है। प्रदर्शन के दौरान आदिवासी छात्र संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष रोहित मरावी ने साफ शब्दों में कहा कि यदि जल्द से जल्द स्न्ढ्ढक्र दर्ज कर आरोपी की गिरफ्तारी नहीं की गई, तो यह आंदोलन केवल अनूपपुर तक सीमित नहीं रहेगा। उन्होंने चेतावनी दी कि आदिवासी छात्र संगठन पूरे प्रदेश के जिलों में इस मामले को लेकर विरोध प्रदर्शन करेगा। मरावी ने कहा कि छात्रा को न्याय दिलाना संगठन की प्राथमिकता है और किसी भी कीमत पर आरोपी को बचने नहीं दिया जाएगा। छात्रों का कहना है कि शिकायत, बयान और विश्वविद्यालय में हुए आंदोलन के बावजूद एफआईआर दर्ज न होना बेहद गंभीर मामला है। प्रदर्शन के दौरान ÷पुलिस प्रशासन होश में आओ÷, ÷आरोपी को बर्खास्त करो÷ और ÷छात्रा को न्याय दो÷ जैसे नारे लगाए गए।



आदिवासी छात्र संगठन ने एसडीएम पुष्पराजगढ़ के नाम राजेंद्रग्राम थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपकर होम साइंस विभाग की पांचवें सेमेस्टर की छात्रा के साथ उत्तर-पुस्तिका अवलोकन के दौरान हुए अनुचित व्यवहार की शिकायत दर्ज कराई थी। संगठन ने इसे छात्र-शिक्षक मर्यादा और शैक्षणिक नैतिकता का उल्लंघन बताया है।

ज्ञापन में आरोपी प्रोफेसर के खिलाफ तत्काल एफआईआर दर्ज करने, बर्खास्तगी, निष्पक्ष जांच और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए सख्त नियम लागू करने की मांग की गई है। फिलहाल प्रशासन की ओर से कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है।

### इनका कहना है

हमारे वरिष्ठ अधिकारी विश्वविधालय में ही है इस मामले की जांच की जा रही है सभी तथ्यों को खंगाला जा रहा है।

**पी. सी.कोल थाना प्रभारी राजेंद्रग्राम**

# शहडोल सांसद हिमाद्री सिंह ने केंद्रीय मंत्री गडकरी से की मुलाकात

## हाईवे, टूरिस्ट कॉरिडोर और रिंग रोड परियोजनाओं को लेकर रखे महत्वपूर्ण प्रस्ताव

**कुमार अनूप गुप्ता ब्यूरो चीफ अनूपपुर।**



शहडोल संसदीय क्षेत्र की सांसद हिमाद्री सिंह ने नई दिल्ली में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से सौजन्य भेंट कर क्षेत्र की सड़क संपर्कता और पर्यटन विकास से जुड़े अहम प्रस्तावों पर चर्चा की। मुलाकात के दौरान सांसद ने उमरियाङ्क्षशहडोल हाईवे के शीघ्र निर्माण, टूरिस्ट कॉरिडोर के विस्तार और रिंग रोड परियोजनाओं को गति देने की मांग रखी

सांसद हिमाद्री सिंह ने उमरिया- शहडोल हाईवे के निर्माण कार्य को जल्द पूरा करने पर जोर देते हुए कहा कि यह मार्ग क्षेत्र के किसानों, व्यापारियों और आम जनता के लिए जीवनरेखा साबित होगा उन्होंने बताया कि लंबे समय से लंबित इस परियोजना के पूरा होने से शहडोल और उमरिया के बीच यात्रा समय में उल्लेखनीय कमी आएगी पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सांसद ने पेंच-कान्हा-बांधवगढ़ तक प्रस्तावित टूरिस्ट कॉरिडोर को मैहर होते हुए पन्ना नेशनल पार्क तक विस्तारित करने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश के प्रमुख वन्यजीव अभयारण्यों को जोड़ने वाला यह कॉरिडोर पर्यटन, रोजगार सृजन और स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती देगा

इसके साथ ही सांसद ने बांधवगढ़ से बरही तक एलिवेटेड हाईवे निर्माण तथा अनूपपुर और शहडोल शहरों के चारों ओर रिंग रोड विकसित करने का भी आग्रह किया। एलिवेटेड हाईवे से वन क्षेत्रों में सुरक्षित आवागमन संभव होगा, वहीं रिंग रोड से शहरी यातायात जाम की समस्या से राहत मिलेगी। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने सांसद के सुझावों को गंभीरता से सुना और इन प्रस्तावों पर शीघ्र विचार करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार सड़क अवसंरचना को प्राथमिकता दे रही है। इन परियोजनाओं के पूर्ण होने पर शहडोल, उमरिया और अनूपपुर जिलों में विकास को नई गति मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

# शीतलहर से बचाव के लिए आवश्यक तैयारियों एवं जनजागरूकता के लिए एडवाइजरी जारी

**रायसेन ।** शीतलहर से बचाव के लिए आयुक्त लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा श्री तरुण राठी ने समस्त चिकित्सा महाविद्यालयों के अधिष्ठाता, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी और सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक द्वारा मैदानी कर्मियों एवं आम नागरिकों को शीतलहर के लक्षण, बचाव उपाय तथा DoÓs & DonÓts के संबंध में जागरूक करने और आवश्यक तैयरियां रखने के निर्देश दिए गए हैं। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में माह दिसंबर एवं जनवरी के दौरान शीतलहर का प्रकोप प्राय: देखने को मिलता है। इस अवधि में कई क्षेत्रों में न्यूनतम तापमान 5-7 डिग्री सेल्सियस अथवा उससे कम दर्ज किया जाता है, जिससे जन-मानस के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका रहती है। अत्यधिक ठंड के कारण हाइपोथर्मिया, फॉस्टबाइट जैसी शीतजनित बीमारियाँ तथा विषम परिस्थितियों में मृत्यु की संभावना भी हो सकती है। शीतलहर के दौरान विशेष रूप से 65 वर्ष से अधिक आयु के वृद्धजन, 5 वर्ष से कम आयु के बच्चे, हृदय एवं श्वसन रोग से पीड़ित व्यक्ति, बेघर लोग, खुले स्थानों व निर्माण स्थलों पर कार्यरत श्रमिक, सड़क किनारे रहने वाले व्यक्ति एवं छोटे व्यवसायी अत्यधिक संवेदनशील होते हैं।

# संभागीय उड़नदस्ते द्वारा खाद्य कारोबारकर्ताओं पर सख्त कार्यवाही

**विदिशा ।** खाद्य सुरक्षा आयुक्त द्वारा गठित संभागीय उड़नदस्ता टीम ने विदिशा जिला मुख्यालय पर भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में खाद्य कारोबारकर्ताओं का औचक निरीक्षण किया गया है। संभागीय उड़नदस्ते प्रभारी की संयुक्त टीम का नेतृत्व शामिल रही, जिसमें खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री पंकज श्रीवास्तव, श्री अरुणेश पटेल, श्री धर्मेंद्र नुनाइया, श्री अखिलेश गंगवार तथा स्थानीय जिले के खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्रीमती एडलिन ई. पन्ना एवं श्री संदीप वर्मा उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान विदिशा शहर के विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों की जांच की गई। फर्म क्रांति इंटरप्राइजेज, मिर्जापुर में निरीक्षण के समय खाद्य अनुज्ञप्ति की शर्तों का उल्लंघन एवं साफ-सफाई का अभाव पाया गया। इसके अतिरिक्त उक्त फर्म में लटसाहब शरबती गेहूं की पैकेजिंग बिना वैध खाद्य लाइसेंस के करते हुए पाई गई। इस गंभीर उल्लंघन पर खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम के अंतर्गत बिना लाइसेंस के प्रकरण को न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा।

# 12 घंटे में हत्याकांड का खुलासा, बिजुरी पुलिस की तत्परता से आरोपी सलाखों के पीछे

## नगर निरीक्षक विकास सिंह व एसपी मोती उर्र रहमान की सख्त कार्यशैली की हो रही सराहना

**कुमार अनूप गुप्ता ब्यूरो चीफ अनूपपुर /बिजुरी।**

पुलिस अधीक्षक मोती उर्र रहमान द्वारा जिले में गंभीर अपराधों के विरुद्ध छेड़े गए सफल अभियान के तहत बिजुरी पुलिस ने एक बार फिर असाधारण तत्परता का परिचय दिया है। एक मामूली विवाद में हुई सनसनीखेज हत्या के आरोपी को नगर निरीक्षक विकास सिंह की कुशल टीम ने वरिष्ठ अधिकारियों के सीधे मार्गदर्शन में वारदात के महज 12 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया। यह त्वरित और निर्णायक कार्रवाई यह साबित करती है कि पुलिस अधीक्षक की सखुत निगरानी में अनूपपुर पुलिस अपराधियों के लिए कोई जगह नहीं छोड़ रही है जिससे आमजन में पुलिस के प्रति मज़बूत विश्वास स्थापित हुआ है।

अनूपपुर- जिले के बिजुरी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कोठी में हुए सनसनीखेज हत्याकांड का बिजुरी पुलिस ने महज 12 घंटे के भीतर खुलासा कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

त्वरित और प्रभावी कार्रवाई को लेकर पुलिस अधीक्षक अनूपपुर मोती उर्र रहमान तथा नगर निरीक्षक बिजुरी विकास सिंह की जिलेभर में सराहना हो रही है।पुलिस अधीक्षक मोती उर्र रहमान के निर्देश पर गंभीर अपराधों में शीघ्र कार्रवाई की नीति को अमल में लाते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जगन्नाथ मरकाम एवं एसडीओपी कोतमा आरती शाक्य के मार्गदर्शन में बिजुरी पुलिस ने यह बड़ी सफलता हासिल की।




### इस प्रकार घटित हुई घटना

दिनांक 15 दिसंबर 2025 को शाम लगभग 5 बजे ग्राम कोठी में एक वृद्ध व्यक्ति की संदिग्ध मृत्यु की सूचना थाना बिजुरी पुलिस को प्राप्त हुई। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक की पहचान अब्दुल आजाद पिता जब्बार बख्श (उम्र 75 वर्ष), निवासी कोठी के रूप में की। निरीक्षण के दौरान मृतक के सिर पर गंभीर चोट के निशान पाए गए, जिससे प्रथम दृष्टया मामला हत्या का प्रतीत हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों की सूचना पर थाना बिजुरी में अपराध क्रमांक 417/25, धारा 103(1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की गई। घटना की गंभीरता को देखते हुए विशेष टीम गठित कर मौके से रक्तरंजित वस्त्र व अन्य भौतिक साक्ष्य सुरक्षित किए गए तथा शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया जहाँ डॉ के द्वारा शव को परिवार के सुपुर्द कर दिया गया

### विवेचना में हुआ बड़ा खुलासा

प्राथमिक जांच में सामने आया कि मृतक अक्सर अपनी बकरियों को आरोपी की बाड़ी की जमीन में चराने ले जाता था, जिसको लेकर दोनों के बीच विवाद होता रहता था। दिनांक 15 दिसंबर को शाम करीब 4-40 बजे इसी बात को लेकर आरोपी राजू पाव पिता जग्गू पाव (उम्र 28 वर्ष), निवासी कोठी ने कुल्हाड़ी के पांसे से मृतक के सिर पर वार कर उसकी हत्या कर दी।

### आरोपी गिरफ्तार हथियार बरामद

विश्वसनीय मुखबिर की सूचना पर बिजुरी पुलिस ने 16 दिसंबर 2025 को आरोपी राजू पाव को ग्राम कोठी से हिरासत में लिया। सख्ती से पूछताछ करने पर आरोपी ने अपना जुर्म स्वीकार किया। उसकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त कुल्हाड़ी बरामद कर विधिवत जप्त की गई। इसके बाद आरोपी को न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### पुलिस टीम की सराहनीय भूमिका

इस त्वरित कार्रवाई में नगर निरीक्षक विकास सिंह के नेतृत्व में सउनि प्रदीप अग्निहोत्री, सउनि बृजेश पाण्डेय, आर विश्वजीत मिश्रा, रवि सिंह, प्रभाकर त्रिपाठी, रामनिवास गुर्जर एवं अभिषेक शर्मा की भूमिका सराहनीय रही। कम समय में हत्याकांड का खुलासा कर आरोपी को गिरफ्तार करना बिजुरी पुलिस की सक्रियता, अनुशासन और कप्तान मोती उर्र रहमान के कुशल नेतृत्व को दर्शाता है, जिससे आमजन में पुलिस के प्रति विश्वास और मजबूत हुआ है।

---

# साधक के चेतना की आकाशीय स्थिति की उपलब्धि का नाम है मोक्ष दायिनी काशी

## (अंतरराष्ट्रीय रामायण कॉन्फ्रेंस, बनारस में इंजी.संतोष कुमार मिश्र 'असाधु' का सम्मान)

**कैलाश कुमार - सह संपादक (युवा प्रदेश)**

जबलपुर - विगत दिवस अंतर्राष्ट्रीय रामायण शोध संस्थान अयोध्या ,शोध संस्थान वृंदावन एवं तारक सेवा मंडल बनारस के संयुक्त तत्वाधान में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत की अस्मिता- श्रीराम कथा विषय पर एक वृहद कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया जिसमें देश-विदेश से पधारे विद्वतजनों ने शिरकत की। इस कार्यक्रम में रामायण केंद्र जबलपुर इकाई के संयोजक एवं धर्म,आध्यात्म व दर्शन के क्षेत्र में देश-विदेश में तेजी से उभरते , प्रसिद्ध धार्मिक चिंतक इंजी. संतोष कुमार मिश्र असाधु जोकि वर्तमान में मध्य प्रदेश पॉवर मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड जबलपुर में सुपरिटेंडिंग इंजीनियर के पद पर कार्यरत हैं,के द्वारा श्रीरामचरित मानस में तापस प्रसंग विषय पर एक बेहद महत्वपूर्ण शोधपत्र प्रस्तुत किया गया । अपने वक्तव्य के दौरान श्री मिश्र जी द्वारा रामायण के सम्बन्ध में विभिन्न भ्रामक दुष्प्रचारो का खंडन करते हुए मोक्ष दायिनी काशी का संबंध किसी साधक के चेतना की आकाशीय स्थिति की उपलब्धि से प्रतिपादित किया गया। श्री मिश्र जी द्वारा किसी साधक के समाधि




की गहराई में उसके चेतना के उत्थान की आकाशीय अवस्था में परा वाणी से उद्घाटित हुए प्रणव अर्थात राम नामक शब्द को ही इस भवसागर का तारक मंत्र उदघोषित किया जिसकी वहां काफी सराहना की गई । जन जागृति की दिशा में इस तरह के अभिनव कार्य करते हुए श्री मिश्र जी ने संस्कारधानी जबलपुर का नाम अंतरराष्ट्रीय क्षितिज पर पुनः गौरवान्वित किया है। कवि संगम त्रिपाठी संस्थापक प्रेरणा हिंदी प्रचारिणी सभा ने बधाई दी और जारी विज्ञप्ति में बताया कि संतोष कुमार मिश्र असाधु अपनी भाषा व संस्कृति के प्रचार-प्रसार में सतत प्रेरणादायक कार्य कर रहे हैं।

---

# 21 हजार का गांजा जप्त, दो आरोपी गिरफ्तार, 1.5 क्विंटल अवैध कोयला पीकप सहित जप्त

**कुमार अनूप गुप्ता ब्यूरो चीफ अनूपपुर/ बिजुरी।**

थाना कोतमा की पुलिस टीम ने अवैध मादक पदार्थ गांजा 2.70 किलो ग्राम कीमती 21000/- रूपये एवं 02 नग मोबाईल जप्त कर ,दो आरोपियों को गिरफ्तार जेल भेजा है। मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम पचखुरा पानी की टंकी के पास एक व्यक्ति खड़ा होकर मोबाईल पर किसी व्यक्ति से अवैध गांजा खोड़री नं0 01 तरफ से लाने की बात कर रहा है । मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम कार्यवाही करते हुए रेड़ कार्यवाही हेतु रवाना किया गया तो एक व्यक्ति ग्राम खोड़री तरफ से ग्राम पचखुरा तरफ हाथ मे बोरी में कुछ लिये आते दिखा जो ग्राम पचखुरा पानी की टंकी के पास रोड पर पहुंचकर रोड पर खडे व्यक्ति को बोरी दे रहा था जिन्हे कोतमा पुलिस द्वारा घेराबंदी कर पकड़ गया जिनसे नाम पता पूछने पर अपना नाम राकेश कुमार तिवारी पिता राजेन्द्र प्रसाद तिवारी उम्र 36 साल निवासी ग्राम खोड़री एवं दुसरे व्यक्ति द्वारा अपना नाम हेमराज जयसवाल उर्फ मोटू पिता रामउजागर जयसवाल उम्र 35 साल निवासी जर्रा टोला थाना कोतमा का होना बताया, जिनकी तलाशी ली गई जिनके पास रखे बोरी की तलाशी पर बोरी के अंदर खाकी रंग के टेप से चिपके हुए दो पैकेट मिले दोनो पैकेटो को खोलकर देखा गया, जिसके अंदर कली दार मादक पदार्थ गांजा पाया जाने पर आरोपी राकेश कुमार तिवारी पिता राजेन्द्र प्रसाद तिवारी उम्र 36 साल निवासी ग्राम खोड़री एवं दुसरे व्यक्ति द्वारा अपना नाम हेमराज जयसवाल उर्फ मोटू पिता रामउजागर जयसवाल उम्र 35 साल निवासी जर्रा टोला





थाना कोतमा के विरूध्द धारा 08/20 बी एनडीपीएस एक्ट का अपराध पंजीबध्द कर उनके कब्जे अवैध मादक पदार्थ गांजा 02.70 किलो ग्राम कीमती 21000/- रूपये एवं 02 नग मोबाईल जप्त किया गया एवं गिरफ्तार आरोपी राकेश कुमार तिवारी पिता राजेन्द्र प्रसाद तिवारी उम्र 36 साल निवासी ग्राम खोड़री एवं दुसरे व्यक्ति द्वारा अपना नाम हेमराज जयसवाल उर्फ मोटू पिता रामउजागर जयसवाल उम्र 35 साल निवासी जर्रा टोला को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेजा गया।

### 1.5 क्विंटल अवैध कोयला पीकप सहित जप्त

अनूपपुर जिले के बिजुरी पुलिस ने अवैध कोयला परिवहन करते पिकअप वाहन को जप्त कर कार्यवाही की गयी। मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि एक पिकअप वाहन क्र एमपी 65 जीए 1060 मे चोरी का कोयला लेकर बिजुरी तरफ से मौहरी की तरफ जाने वाला है, मुखबिर की सूचना पर थाने के स्टाप की मदद से संदेही पिकअप वाहन को रोककर वाहन की तलाशी ली गयी जिसम 90 बोरियो मे कुल 1580 किलोग्राम अवैध कोयला बरामद हुआ, जिस पर पिकअप वाहन चालक वीरेन्द्र पाण्डेय पिता जगदीश पाण्डेय उम्र 24 वर्ष निवासी ग्राम मौहरी से कोयले एवं परिवहन के संबंध मे दस्तावेज चाहे गये जिसके कोई वैध दस्तावेज नही मिला, जिस पर पिकअप वाहन को विधिवत जप्त किया जाकर थाना सुरक्षार्थ खडा किया गया। वाहन चालक वीरेन्द्र पाण्डेय पिता जगदीश पाण्डेय उम्र 24 वर्ष निवासी ग्राम मौहरी तथा वाहन स्वामी सागर मिश्रा पिता जमुना प्रसाद मिश्रा उम्र32 वर्ष निवासी मौहरी थानगांव थाना बिजुरी के विरुद्ध अपराध क्र 422/25 धारा 303(2) बीएनएस 4/21 खनिज अधिनियम का कायम कर विवेचना मे लिया गया।

# अंकुर जैन बने अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश मंत्री.... मिली एक अहम और बड़ी जिम्मेदारी

गौरतलब है कि- भारतीय जनता पार्टी प्रदेश संगठन द्वारा कल विभिन्न मोर्चे के जिले से लेकर प्रदेश तक के पदाधिकारियों की नियुक्ति दी गई है। जिसमें एम.सी.बी जिले के मनेंद्रगढ़ शहर के युवा एवं कुशल नेतृत्व एवं कार्यप्रणाली के लिए माने-जाने वाले युवा नेता श्री अंकुर जैन को भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश मंत्री के रूप में घोषणा की गई है। विदित हो कि इसके पूर्व भी श्री जैन जो कि - विपक्ष की भूमिका से लेकर सत्ता तक में पहुंचने संगठन का नेतृत्व करते हुए अपनी अहम भूमिका अदा कर चुके हैं। एम.सी.बी जिले के प्रथम जिलाध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा सहित अविभाजित कोरिया जिला में भी बतौर अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष की कमान संभाल चुके हैं। अब उन्हें प्रदेश मंत्री भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा छत्तीसगढ़ के रूप में अहम जिम्मेदारी सौंपी गई है।

उक्त बात की खबर लगते ही उनके निवास स्थल पर उनके शुभचिंतकों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी और उन्हें पुष्प गुच्छ भेंट कर शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए नये पद की बधाई दी गई । उक्त नियुक्ति से एक बात तो साफ है ।कि -संगठन में अंकुर जैन की पैठ और संगठनात्मक कद भी बढ़ा है। जिले से लगातार पद पर बने रहने के बाद उन्हें सीधा अब प्रदेश की कमान सौंपी गई है जहां श्री जैन बतौर भा.ज.पा अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश मंत्री के रूप में आसीन हो चुके हैं।



इसके साथ ही विपक्ष में रहने दौरान श्री जैन कई जनहित के कार्य कर चुके हैं।जो आज भी शहर में संचालित है ।या फिर उसका लाभ क्षेत्र के आम-जनमानस को मिल रहा है । जिसमें से एक कार्य ब्लड बैंक भी है ।जिसके लिए कड़ी मेहनत कर श्री अंकुर जैन ने उक्त ÷वी वांट ब्लड बैंक÷ का नाम देकर एक मुहिम के रूप में भी चलाया था।जिसका सभी शहरवासी आज भी सराहना करते है। आज उसका लाभ एम.सी.बी. जिले के लोगों को ही नहीं अपितु दूर- दूराज से आए मरीजों को भी मिल रहा है। के पश्चात श्री जैन ने मनेंद्रगढ़





में मेडिकल कॉलेज हेतु अपनी आवाज बुलंद कर मांग उठाई थी, जिसको लेकर बड़ी संख्या में जन समर्थन उनको प्राप्त हुआ था। और विपक्ष में रहते हुए तत्कालीन कांग्रेस की सरकार को मजबूर कर दिया था।और उस समय की तत्कालीन सरकार को उक्त आंदोलन को शांत करने के लिए कभी भूमि पूजन का दिखावा करना पड़ा था। लेकिन भाजपा सरकार आते ही मनेन्द्रगढ विधानसभा के लाड़ले विधायक एवं प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री मान.श्री श्याम बिहारी जायसवाल जी ने मनेंद्रगढ़ में मेडिकल कॉलेज की सौगात क्षेत्र वासियों को दी है।

वहीं स्वास्थ्य से जुड़े मुद्दे से लेकर शहर हित के मामलो में हमेशा सक्रिय भूमिका में अपना योगदान श्री जैन द्वारा दिया जाता रहा है। उसी वजह से बेहद कम समय पर ही श्री जैन की पकड़ जमीनी और धरातल स्तर पर भी बनी आज नतिजतन भारतीय जनता पार्टी ने उन पर विश्वास कर एक बड़ी जिम्मेदारी की बागडोर सौंप दी है। श्री जैन का व्यवहार जो एक युवा नेता और मिलनसार व्यक्तत्व के रूप में जाना जाता है।

उक्त दौरान मुख्य रूप से उपस्थित आशीष मजूमदार, आनंद ताम्रकार, विष्णु जायसवाल, गुड्डा सोनी, अशोक खटिक, प्रवीण यादव , अखिलेश मिश्रा , ज़लील शाह ,राजेश सोधिया, नितेश मेघानी राजेश रजक, प्रखर जयसवाल, मनीष यादव, यीशै दास सहित तमाम पदाधिकारी, कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## व्यापार

### RRP सेमीकंडक्टर पूरी दुनिया में सबसे तेज उछाल वाला शेयर :15 रुपए का शेयर 20 महीने में 11,095 रुपए का हुआ




**मुंबई।**

भारतीय शेयर बाजार की एक अजीब घटना ने पूरी दुनिया का ध्यान खींचा है। RRP सेमीकंडक्टर के शेयर सिर्फ 20 महीने में 793 गुना यानी 79,000% से ज्यादा चढ़ चुके हैं। इतना ज्यादा रिटर्न देने वाली यह दुनिया की एकमात्र कंपनी है। 2 अप्रैल 2024 में RRP का 15 रुपए का ये शेयर इस साल नवंबर में 11,902 रुपए तक गया, जो इसका 52 वीक हाई भी था। इसलिए मार्केट रेगुलेटर सिक्योरिटी एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया (SEBI) ने शेयरों में इस उछाल की जांच शुरू कर दी है। BSE ने भी इस कंपनी को सख्त निगरानी के दायरे में डाला है। इस शेयर को अब 1% प्राइस बैंड के साथ हफ्ते में सिर्फ एक दिन ट्रेडिंग की अनुमति दी गई है। ये शेयर उच्चतम स्तर से करीब 6% गिर चुका है। BSE के लेटेस्ट डेटा के मुताबिक, कंपनी के शेयरों में हर हफ्ते औसतन केवल 19 शेयरों में ट्रेडिंग हो रही थी।

**इस ग्रोथ के 3 सबसे बड़े कारण**

दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ने वाले इस स्टॉक के पीछे कोई मजबूत बिजनेस ग्रोथ नहीं है। यह यह तेजी मुख्य रूप से स्पेकुलेशन (सट्टेबाजी), सोशल मीडिया हाइप और AI या सेमीकंडक्टर थीम के चलते हुई है।

**कंपनी का सेमीकंडक्टर बिजनेस में फोकस:** 2024 में कंपनी ने अपना फोकस रियल एस्टेट/ट्रेडिंग से बदलकर सेमीकंडक्टर और डिजिटल चिप्स पर शिफ्ट किया। नाम बदलकर RRP सेमीकंडक्टर रखा गया।

### ग्लोबल इन्वेस्टमेंट फर्म एल कैटरटन ने हल्दीराम में निवेश किया

# स्ट्रैटजिक पार्टनरशिप से भारत में ग्रोथ और दुनियाभर में व्यापार बढ़ाने में मदद मिलेगी

**नई दिल्ली।**

अमेरिकी इन्वेस्टमेंट फर्म एल कैटरटन ने भारत की पैकेज्ड फूड कंपनी हल्दीराम में स्ट्रैटजिक पार्टनरशिप के तहत निवेश किया है। इस पार्टनरशिप में एल कैटरटन हल्दीराम को सप्लाई चेन और डिस्ट्रीब्यूशन को बेहतर बनाने, जियोग्राफिक एक्सपैंशन और टैलेंट डेवलपमेंट में सपोर्ट देगी। कंपनी अब एल कैटरटन की ग्लोबल एक्सपर्टाइज, इंडस्ट्री नेटवर्क और लोकल टैलेंट का फायदा उठा सकेगी। खास तौर पर फर्म के इंडिया एग्जीक्यूटिव चेयरमैन संजीव मेहता की एक्सपीरियंस से फायदा होगा, जो पहले हिंदुस्तान यूनिलीवर के चेयरमैन और एमडी रह चुके हैं।

**चेयरमैन बोले- हल्दीराम को मार्केट में ग्रोथ दिलाएंगे:** संजीव मेहता ने कहा, 'हल्दीराम एक आइकॉनिक इंडियन ब्रांड है, जो एथनिक स्नैक्स कैटेगरी में देश का लीडर है। इसका ग्लोबल पैकेज्ड स्नैक्स स्पेस में बड़ा पोटेंशियल है। हम हल्दीराम को साथ देकर भारत के बढ़ते



कंज्यूमर मार्केट में ग्रोथ ड्राइव करेंगे और इसकी इंटरनेशनलाइजेशन को तेज करेंगे।'

**एल कैटरटन के पास 3.5 लाख करोड़ की कैपिटल:** एल कैटरटन ने पैकेज्ड फूड स्पेस में दुनिया भर में कई ब्रांड्स में निवेश किया है। इनमें चोलुला हॉट सॉस, फार्मली, फेरारा कैंडी कंपनी, गुडल्स, केटल फूड्स, कोडियाक, लिटिल मून्स, नॉटको, प्लांटेड और प्लम ऑर्गेनिक्स जैसे नाम शामिल हैं। फर्म के पास लगभग 39 बिलियन डॉलर (करीब 3.5 लाख करोड़) की इक्विटी कैपिटल है।

**इस साल कई फर्म ने हल्दीराम में निवेश किया:** इस साल की शुरुआत में हल्दीराम में सिंगापुर की टेमसेक ने करीब 10% स्टेक लिया था, जिसकी वैल्यूएशन 10 बिलियन डॉलर (करीब 90,000 करोड़) के आसपास थी। इसके अलावा अल्फा वेव ग्लोबल और इंटरनेशनल होल्डिंग कंपनी (IHC) ने भी निवेश किया। अब एल कैटरटन चौथा बड़ा निवेशक बना है।

इसी साल मार्च-अप्रैल में हल्दीराम ने स्नैक्स डिवीजन में अबू धाबी बेस्ड इंटरनेशनल होल्डिंग कंपनी (IHC) और न्यूयॉर्क की अल्फा वेव ग्लोबल को 6% हिस्सेदारी बेची थी। रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक, हल्दीराम ने इस स्टेक को 10 बिलियन डॉलर के वैल्यूएशन पर बेचा। हालांकि तब भी कंपनी की ओर से डील की डिटेल जानकारी नहीं दी गई थी। 30 मार्च को सिंगापुर की सॉवरेन इन्वेस्टमेंट फर्म टेमासेक ने हल्दीराम के स्नैक्स डिवीजन में 10% हिस्सेदारी खरीदने के लिए एग्रीमेंट किया था। यह डील 1 बिलियन डॉलर में हुई थी।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक नागेश नरवरिया द्वारा जय माता प्रिंटर्स म.नं. 1 अमर दाल मिल के पास पेमदीपुरा चिकलोद रोड के पास बापू कालोनी जहांगीराबाद भोपाल मप्र से मुद्रित एवं म.नं. 51 एक्सटेंशन शिवलोक कॉलोनी फेस-3, खजूरी कलां रोड, तह. हुजूर जिला भोपाल से प्रकाशित। **संपादक** : नागेश नरवरिया (समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र भोपाल रहेगा।)